# समाहरणालय, पटना

(सहकारिता)

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

पत्रांक– 975 / पटना दिनांक 31.05.2025

प्रेषक,

उप विकास आयुक्त,
पटना।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पटना।

**विषय :– फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के निदेशक मंडल/पदधारकों के निर्वाचन संबंधी सूचना का स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिला पदाधिकारी, पटना–सह–निर्वाची पदाधिकारी, फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पटना से प्राप्त अनुमोदन के उपरान्त निर्वाचन संबंधी सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि निर्वाचन संबंधी सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

31/5/25

**उप विकास आयुक्त**
**पटना**

# समाहरणालय, पटना।

(सहकारिता)

dm-patna.bih@nic.in

## फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के निदेशक मंडल एवं पद धारकों के निर्वाचन हेतु

## सूचना

सहकारी निर्वाचन प्राधिकार सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पत्रांक CEA-12011/283/2025 दिनांक 22.05.2025 के द्वारा फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के निदेशक पर्षद् एवं पदधारक के निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, पटना को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त निर्वाचन बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्य सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित–2023) एवं फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत सम्पन्न होगा।

भारत सरकार, (सहकारिता मंत्रालय) के सहकारी निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निर्गत निर्वाचन कार्यक्रम CEA-12011/283/2025 दिनांक 22.05.2025 सुलभ प्रसंग हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है। निर्वाचन कार्यक्रम निम्नवत हैः–

| निदेशक मंडल/पदधारको के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | कार्यक्रम का विषय | तिथि | समय | स्थान |
| 1 | औपबंधिक सदस्य सूची (जो मतदान के लिए योग्य है) के सूची का प्रकाशन | 02.06.2025 (सोमवार) | पूर्वाहन 11:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय/ फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 मुख्यालय एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यालय के सूचना पट्ट/ संबंधित सोसाईटी के वेबसाईट पर। |
| 2 | औपबंधिक सदस्य सूची पर आपत्तियाँ | 03.06.2025 से 08.06. 2025 (मंगलवार से रविवार) | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक (प्रतिदिन) | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा। |
| 3 | औपबंधिक सूची पर प्राप्त आपत्तियों की जाँच (यदि कोई हो) | 09.06.2025 से 15.06.2025 (सोमवार से रविवार) | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 4 | मतदान योग्य अंतिम सदस्य सूची का प्रकाशन | 16.06.2025 (सोमवार) | पूर्वाहन 11:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय/फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 मुख्यालय एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यालय के सूचना पट्ट/संबंधित सोसाईटी के वेबसाईट पर। |

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | नामांकन | 17.06.2025 से 20.06. 2025 (मंगलवार से शुक्रवार) | पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 6 | नामांकन सूची का प्रदर्शन | 20.06.2025 (शुक्रवार) | अपराह्न 05:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 7 | नामांकन पत्रों की संवीक्षा | 23.06.2025 (सोमवार) | पूर्वाहन 11:00 बजे से लगातार | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 8 | वैध नामांकन सूची का प्रकाशन | 24.06.2025 (मंगलवार) | अपराह्न 05:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 9 | नामांकन की वापसी | 28.06.2025 (शनिवार) | पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 10 | निर्वाचन योग्य उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन | 28.06.2025 (शनिवार) | अपराह्न 05:00 बजे | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 11 | निर्वाचन (यदि आवश्यक हो) | 06.07.2025 (रविवार) | पूर्वाहन 08:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक | श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना (SK Memorial Hall) |
| 12 | मतगणना | 07.07.2025 (सोमवार) | पूर्वाहन 08:00 बजे से लगातार | श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना (SK Memorial Hall) |
| 12A | फॉर्म 19M का प्रेषण CEA को अनुशंसा के साथ अनुमोदन हेतु परिणाम के घोषणा के पूर्व | 07.07.2025 (सोमवार) | | |
| 13 | परिणाम की घोषणा | 09.07.2025 (बुधवार) या पहले | सहकारी निर्वाचन प्राधिकार नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात् | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |

**पद धारकों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम :–**

| क्र.सं. | कार्यक्रम का विषय | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14 | निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा<br>i. नामांकन का समय<br>ii. नामांकन पत्रों की संवीक्षा<br>iii. नामांकन वापसी<br>iv. उम्मीदवारों की सूची का प्रदर्शन | 14.07.2025 (सोमवार) | निदेशक मंडल के सदस्यों के परिणाम की घोषणा के बाद | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 15 | नव गठित बोर्ड की बैठक एवं मान्य नामांकन सूची का प्रकाशन एवं मतदान (यदि आवश्यक है) | 16.07.2025 (बुधवार) | 11:00 बजे पूर्वाहन से समाप्ति तक | सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय |
| 16 | पद धारकों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा | सहकारी निर्वाचन प्राधिकार नई दिल्ली की अनुमति के पश्चात्। | | |

1. उक्त निर्वाचन बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथासंशोधित–2023)/बहुराज्यीय सहकारी समिति नियमावली, 2002 (यथासंशोधित–2023) एवं फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 की उपविधि के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत सम्पन्न किया जाना है।
2. बहुराज्यीय सहकारी अधिनियम,(MSCS ACT) 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा–41 एवं तत्संबंधी फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 की उपविधि की कंडिका–31 एवं कंडिका–43 के प्रावधानों एवं निर्वाचन प्राधिकार के उक्त आदेश के आलोक में निदेशक मंडल के गठन हेतु कुल संख्या–7 (21 से अनधिक) निदेशकों का निर्वाचन किया जायेगा, जिसमें 02 पद महिलाओं के लिए तथा 01 पद अनुसूचित जाति/जन जाति के लिए आरक्षित होगा।
3. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 से प्राप्त जानकारी के अनुसार सात निदेशक मंडलों का निर्वाचन निम्नलिखित रूप से होगा :–

i. बिहार राज्य से 06 निदेशकों का निर्वाचन होगा।

ii. झारखंड राज्य से 0 निदेशक का निर्वाचन होगा।

iii. पश्चिम बंगाल राज्य से 1 निदेशक का निर्वाचन होगा।

4. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के निदेशक पर्षद के सदस्य हेतु निर्वाचन से संबंधित सभी सदस्यों की योग्यता/अयोग्यता बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा–43 एवं 44 के प्रावधानों एवं फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 की उपविधि 39 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रभावी होंगे। (सुलभ प्रसंग हेतु अधिनियम की धारा 43 एवं 44 तथा फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 उपविधि–39 की प्रतिलिपि संलग्न) ।
5. दिनांक 02.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सदस्यों की औपबंधिक सूची का प्रकाशन सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के कार्यालय एवं फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के मुख्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित किया जायेगा।
6. औपबंधिक प्रतिनिधि सूची पर आपत्तियाँ सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय में दिनांक 03.06.2025 से दिनांक 08.06.2025 तक पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आपत्तियाँ हाथो–हाथ स्वीकार की जायेगी।
7. विहित प्रपत्र में नामांकन दिनांक 17.06.2025 से 20.06.2025 तक समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्र के साथ शपथ–पत्र (नोटरी से) को भी संलग्न किया जायेगा।
8. नामांकन पत्र पर एक प्रस्तावक एवं एक समर्थक का हस्ताक्षर/पता एवं मतदाता सूची क्रम संख्या अंकित किया जायेगा। प्रस्तावक/समर्थक का नाम अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में अंकित होना अनिवार्य होगा। नामांकन पत्र सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, पटना/निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे।
9. **संवीक्षाः**–नामांकन पत्रों की जाँच सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय में निर्धारित तिथि–23.06.2025 को की जायेगी।
10. **अभ्यर्थिता वापसीः**–अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित तिथि को विहित प्रपत्र में स्वयं या विधिवत प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हाथों–हाथ निर्धारित कार्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा (प्रपत्र संलग्न) हैं।

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

11 मतदान की प्रक्रिया :–

a. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग मतपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे।

b. प्रत्येक मतपत्र में उम्मीदवारों का नाम वर्णक्रम में अंकित किया जायेगा।

c. मतदाताओं द्वारा इच्छुक उम्मीदवारों के नाम के समक्ष क्रास (x) का चिन्ह लगाकर मत दिया जायेगा।

d. जिस श्रेणी में जितने पद है, अधिकतम उतने उम्मीदवारों के नाम के समक्ष क्रास (x) किया जायेगा।

उदाहरण के लिए महिला में दो पद है, तो मतदाताओं द्वारा अधिकतम दो उम्मीदवारों के नाम के समक्ष क्रास (x) का चिन्ह लगाया जायेगा। इससे अधिक उम्मीदवार के नाम के समक्ष क्रास (x) करने पर मत पत्र रद्द कर दिया जायेगा।

e. सही पहचान हेतु सदस्य (मतदाता) का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र साथ रखेंगे।

12. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 सामान्य निकाय की बैठक एवं निर्वाचन निर्धारित तिथि/समय पर श्री कृष्ण स्मारक भवन, गाँधी मैदान, पटना (SK Memorial Hall) में सम्पन्न होगा। मतदान के पश्चात् तुरन्त मतगणना SK Memorial Hall में हीं सम्पन्न होगी।

13. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पश्चिम लक्ष्मीनगर, खेमनी चक, पो0– न्यु जगनपुरा, थाना–रामकृष्णा नगर के निदेशक पर्षद के सदस्य के रूप में निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा 19 J के आलोक में नामांकन दाखिल किया जाना है। संबंधित नामांकन प्रपत्र–III एवं शपथ–पत्र को CEO फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

14. निदेशक पर्षद के सदस्य (निदेशक) तथा पदधारकों का निर्वाचन बहुराज्य सहकारी सोसाइटी नियम, 2002 (यथासंशोधित–2023) की धारा 19 H से 19 P एवं अन्य सुसंगत नियमों के आलोक में सम्पादित किया जायेगा।

अनुरोध है कि संलग्न कार्यक्रम अनुसार निर्धारित तिथि/समय/स्थान पर फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के निदेशक पर्षद सदस्य तथा पदधारक के पद पर निर्वाचन हेतु संलग्न कार्यक्रम के अनुसार भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक :–

1. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार का पत्रांक CEA-12011/283/2025, दिनांक 22.05.2025
2. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 की उपविधि की धारा–31, 39 एवं 43
3. MSCS Act की धारा 43 एवं 44
4. नामांकन फार्म (प्रपत्र III का प्रारूप)
5. शपथ–पत्र का प्रारूप
6. अभ्यर्थिता वापसी हेतु प्रपत्र

विश्वासभाजन

जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट
को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पटना

# समाहरणालय, पटना

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

(सहकारिता)

ज्ञापांक – 974 पटना / दिनांक – 31.05.2025

प्रतिलिपि –

1. फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0 के सामान्य निकाय की विशेष आम–सभा में शामिल होने योग्य सभी सदस्य को सूचनार्थ।
2. सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, 9th Floor, Tower E, World Trade Center, Nauroji Nagar, New Delhi-110029 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. CEO, फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित हैं कि सभी संबंधित सदस्य को ससमय सूचना उपलब्ध कराते हुए तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
फार्मर्स वेलफेयर सहकारी मल्टी स्टेट
को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि0,
पटना